दिनांक 16 दिसंबर **2021** **स्वच्छ** एवं सुंदर भिलाई

बीएसपी के अधिकारियों के साथ हुई बैठक, पानी, सफाई एवं विद्युत को लेकर हुई चर्चा

भिलाई नगर/ आज बीएसपी के अधिकारियों के साथ अपर कलेक्टर पद्मनी भोई साहू ने महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की! बीएसपी क्षेत्र में पानी , सफाई एवं विद्युत व्यवस्था पर लंबी बात हुई इस दौरान निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे एवं अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी मौजूद रहे! बीएसपी के पर्सनल एंड एडमिनिस्ट्रेटिव अधिकारी एसके दुबे एवं उद्यांचल झा ने चर्चा में कहा कि सफाई, पानी एवं बिजली व्यवस्था को लेकर बीएसपी प्रबंधन सजगता से कार्य कर रहा है , जहां भी समस्याएं परिलक्षित हो रही है वहां इस पर त्वरित कार्य करते हुए समाधान किया जा रहा है!